उ0प्र0 पं0 दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान के अर्न्तगत जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं वेटेरिनरी पब्लिक हैल्थ द्वारा दिनांक 05–07–2023 को World Zoonoses Day 2023 के उपलक्ष्य में एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वक्ता डा0 संजीव उपाध्याय, पब्लिक हैल्थ विशेषज्ञ द्वारा शीर्षक “Zoonoses : Current Scenario” पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, डा0 उपाध्याय ने विगत 25 वर्षों तक अपनी सेवायें Public Health Specialist के रूप में दी हैं। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुये डा0 उपाध्याय ने Zoonotic बीमारियों के कारक एवं उनके रोकथाम हेतु विभिन्न उपायों पर अपनी टिप्पणी व्यक्त की एवं माननीय कुलपति महोदय प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव ने डा0 उपाध्याय को उद्धरण एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र–छात्राओं ने भी इस गंभीर विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो0 पी0के0 शुक्ला, जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो0 शरद कुमार यादव, अधिष्ठाता स्नातकोत्तर शिक्षा प्रो0 अजय प्रकाश, वेटेरिनरी पब्लिक हैल्थ के विभागाध्यक्ष डा0 उदित जैन के साथ ही जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय से डा0 विजय लक्ष्मी त्रिपाठी एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कु0 श्वेता शर्मा द्वारा किया गया।